संख्या-8/2018/278/12-5-2018-सा०-233/2017

प्रेषक,

ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कृषि निदेशक
उत्तर प्रदेश, कृषि भवन,
लखनऊ।

कृषि अनुभाग-5 **लखनऊ:: दिनांक:: 21 मार्च, 2018**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2017-18 में अनुदान संख्या-11 के लेखाशीर्षक 2401-फसल कृषि कर्म 001-निदेशन तथा प्रशासन 03-कृषि निदेशालय का सामान्य अधिष्ठान योजना एवं 05-जिला संगठन योजना हेतु पुनर्विनियोग के माध्यम से व्यय को वहन करने हेतु वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-बी०ए०(1)1635/पुनर्विनियोग 2017-18, दिनांक 19.02.2018 के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अनुदान संख्या-11 के लेखाशीर्षक 2401-फसल कृषि कर्म 001-निदेशन तथा प्रशासन 03-कृषि निदेशालय का सामान्य अधिष्ठान योजना के मानक मद 15-गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद में रू० 05.00 लाख एवं 16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान में रू० 05.00 लाख तथा 05-जिला संगठन योजना के मानक मद 15-गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद में रू० 05.00 लाख कुल रू० 15.00 लाख (रू० पन्द्रह लाख मात्र) की अतिरिक्त धनराशि को विभागीय बचतों से पुनर्विनियोग के माध्यम से संलग्न प्रपत्र बी0एम0-9 (भाग-1) के अनुसार व्यय किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त जारी स्वीकृति के सापेक्ष एक मुश्त धनराशि का आहरण न किया जाय बल्कि आवश्यकतानुसार धनराशि को कोषागार से आहरित की जाए।

3- जिस मद में बचत बतायी गयी है चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 में उस मानक मद में धनराशि की मांग नहीं की जायेगी।

4- उक्त स्वीकृति की जा रही धनरशि अनुदान संख्या-11 के लेखाशीर्षक 2401-फसल कृषि कर्म 001-निदेशन तथा प्रशासन 05-जिला संगठन योजनान्तर्गत मानक मद 01-वेतन में होने वाली बचत को पुनर्विनियोग करते लेखाशीर्षक 2401-फसल कृषि कर्म 001-निदेशन तथा प्रशासन 03-कृषि निदेशालय का सामान्य अधिष्ठान योजना के मानक मद 15-गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद एवं 16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान तथा 05-जिला संगठन योजना के मानक मद 15-गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद आदि पर व्यय के नामे डाला जायेगा।

5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-8/2017/बी-1-1190//दस-2017-231/2017, दिनांक 03 अगस्त, 2017 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,
ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-8/2018/278(1)/12-5-2018, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्न की प्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, कृषि भवन, लखनऊ।
5. सहायक निदेशक (कम्प्यूटर एवं समन्वय) कृषि भवन, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण), अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-3
7. गार्ड फाइल।

संलग्नक-यथोक्त।

आज्ञा से,
वीरेन्द्र कुमार
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।